रजिस्ट्री सं० डी (डी)-73

REGISTERED NO. D(D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 24, 1976/वैशाख 4, 1898

No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 24, 1976/VAISAKHA 4, 1898

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory orders and notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

मन्त्रिमण्डल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 1976

का०आ० 1448—दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा इलाहाबाद के एडवोकेट श्री एम० एन० मुल्ला और वाराणसी के एडवोकेट पी० के० चौबे को विपिन बिहारी चतुर्वेदी और श्री मसीह-उद्दीन खां के विरुद्ध केन्द्रीय अन्वेषक यूनिट, एस०पी०ई०, नई दिल्ली के केस आर-सी नम्बर 1/71 से उद्भूत फौजदारी अपील संख्या 1639/75 और 76/75 की इलाहाबाद उच्च न्यायालय (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय हत्याकाण्ड) में राज्य की ओर से पैरवी करने के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करती है।

[संख्या 225/54/75-एवीडी-2]

बी० सी० वनजानी, अवर सचिव

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel & Administrative Reforms)

New Delhi, the 6th April, 1976

S.O. 1448.—In exercise of the powers conferred by sub-section (6) of section 24 of the Code of Criminal Procedure 1973 (2 of 1974) the Central Government hereby appoints Shri S. N. Mullah, Advocate, Allahabad and Shri P. K. Chaube, Advocate, Varanasi, as Special Public Prosecutors, to conduct on behalf of the State of criminal appeals bearing Nos. 1639/75 and 76/75 arising out of case RC No. 1/71-Central Investigating Unit, S.P.E, New Delhi against Shri Vipin Behari Chaturvedi and Shri Masi-ud-din Khan in the High Court of Allahabad (Banaras Hindu University Murder Case).

[No. 225/54/75-AVD-II]

B. C. VANJANI, Under Secy.

भारत निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 1976

का०आ० 1449.—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) की धारा 13क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग

करते हुए, भारत निर्वाचन आयोग, महाराष्ट्र सरकार के परामर्श से श्री एच० नंजुदिया, जिनको छुट्टी स्वीकृत की गई है, के स्थान पर श्री एस० बी० कुलकर्णी, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) को तारीख 19 अप्रैल, 1976 से महाराष्ट्र राज्य के लिये मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप मे अगले आदेशों तक एतद्द्वारा नाम निर्देशित करता है।

[सं० 154/महाराष्ट्र/75]
ए० एन० सैन, सचिव

ELECTION COMMISSION OF INDIA

New elhi, the 5th April, 1976

S.O. 1449.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 13A of the Representation of the people Act, 1950 (43 of 1950), the Election Commission of India, in consultation with the Government of Maharashtra, hereby nominates Shri S. B. Kulkarni, Secretary to Government of Maharashtra, General Administration Department (Personnel) as Chief Electoral Officer for the state of Mahashtra, with effect from 19 April 1976 and until further orders *vide* Shri H. Nanjundiah granted leave.

[No. 154/MT/75]
A. N. SEN, Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 1976

का० आ० 1450.—यत', निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून 1975 में हुए गुजरात विधान-सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 74-शेर कोट्वा (अ० जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री किशनकुमार दयाराम वघेला (इंजीनियर), गोमतीपुर, कुम्भरवाडी के पास, कृष्ण भुवन, म० नं० 1127, अहमदाबाद-21 (गुजरात) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित रीति से अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे है;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक् सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नही दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नही है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री किशनकुमार दयाराम वघेला को संसद् के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान-सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० गुज०/वि०स०/74/75/(38)]

ORDER

New Delhi, the 6th April, 1976

S.O. 1450.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Kishankumar Dayaram Vaghela (Engineer), Comtipur, Near Humbharbari, Krishna Bhavan, House No 1127, Ahmedabad-21 (Gujarat) a contesting candidate in the general election held in June, 1975 to the Gujarat Legislative Assembly from 74-Shaher Kotda (SC) constituency, has failed to lodge an account of his election expenses in the manner required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after due notices, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Kishankumar Dayaram Vaghela (Engineer) to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. GJ-LA/74/75 (38)]

आदेश

का० आ० 1451.—यत., निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून 1975 में हुए गुजरात विधान-सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 28-जमजोधपुर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री घेलूभाई रामभाई मदाम, ग्राम नवागाम घेद-2, जामनगर (गुजरात), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययो का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे है;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नही दिया है, और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नही है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण मे निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री घेलूभाई रामभाई मदाम को ससद् के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० गुज०/वि० स०/28/75(39)
वी० नागसुब्रमण्यन, सचिव

ORDER

S.O. 1451.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Ghelubhaja Rambhai Madam, Village Navgam Ghed-2, Jamnagar (Gujrat), a contesting candidate in the general election held in June, 1975 to the Gujarat Legislative Assembly from 28-Jamjodhpur constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after due notices, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or Justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Ghelubhai Rambhai Madam to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. GJ-LA/28/75(39]
V. NAGASUBRAMANIAM, Secy.

राजस्व और बैंकिंग विभाग

नई दिल्ली, 12 फरवरी, 1976

आयकर

का० आ० 1452.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि अधिसूचना सं० 22 (फा० सं० 10/12/66-आ० क० I) तारीख 31 मार्च, 1967 द्वारा बेले व्यू क्लीनिक, कलकत्ता को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35(1)(ii) के अधीन दिया गया अनुमोदन विहित प्राधिकारी भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की सिफारिश पर 1 अप्रैल, 1976 से वापस लिया जाता है।

[सं० 1225(फा० सं० 203/143/75-आ०क०अ०II)]

टी० पी० झुनझुनवाला, उपसचिव

(Department of Revenue & Banking)

New Delhi, the 12th February, 1976

INCOME-TAX

S.O. 1452.—It is hereby notified for general information that the approval given under section 35 (1)(ii)of the Income-tax Act, 1961 to the Belle Vue Clinic, Calcutta by notification No. 22(F. No 10/12/66-ITA. I) dated the 31-3-1967 is wthdrawn with effect from 1st April, 1976 on the recommendation of the prescribed authority, the Indian Council of Medical Research, New Delhi.

[No. 1225 (F. No. 203/143/75-ITA.II]

T. P. JHUNJHUNWALA, Dy. Secy.

CORRIGENDUM

New Delhi, the 6th April, 1976

S.O. 1453.—In the notification No. 15 (46)-B.O. III/75 of 23rd December, 1975 published in the Gazette of India part-II Section 3(ii) dated 17th January, 1976, the survey nos. of the plots "2347 to 2446 and 2449" and the words "Kurnudwad Ltd." appearing in the English version may be read as "2437, 2443 to 2446 and 2449" and "Kurundwad Ltd" respectively.

[No. 15(46)-B. O. III/75]

M. B. USGAONKAR, Under Secy.

नई दिल्ली, 9 अप्रैल, 1976

का० आ० 1454.—क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार श्री प्रताप चक्रवर्ती को मल्लभूम ग्रामीण बैंक, बांकुरा का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 9 अप्रैल, 1976 से आरम्भ होकर 30 सितम्बर, 1976 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसमें उक्त श्री प्रताप चक्रवर्ती अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

[सं० एफ० 4-94/75 ए० सी० (4)]

के० पी० ए० मेनन, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 9th April, 1976

S.O. 1454.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976) the Central Government hereby appoints Shri Pratap Chakraborty as the Chairman of the Mallabhum Gramin Bank, Bankura, and specifies the period commencing on the 9th April, 1976 and ending with the 30th September, 1976 as the period for which the said Shri Pratap Chakraborty shall hold office as such Chairman.

[No. F. 4-94/75-AC(IV)]

K. P. A. MENON, Jt. Secy.

नई दिल्ली, 10 अप्रैल, 1976

का०आ० 1455.—क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार श्री गोलक बिहारी सारंगी को बोलांगीर आंचलिक ग्राम्य बैंक, बोलांगीर का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 10 अप्रैल, 1976 से आरम्भ होकर 30 सितम्बर, 1976 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप मे निर्धारित करती है जिसमें उक्त श्री गोलक बिहारी सारंगी अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

[सं० एफ० 4-86/75 ए० सी० (4)]

कु० भवानी, उप-सचिव

New Delhi, the 10th April, 1976

S.O. 1455.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri Golak Bihari Sarangi as the Chairman of the Bolangir Anchalik Gramya Bank and specifies the period commencing on the 10th April, 1976 and ending with the 30th September 1976 as the period for which the said Shri Golak Bihari Sarangi shall hold office as such chairman.

[No. F. 4-86/75-AC(IV)]

K. BAVANI, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 4 मार्च, 1976

का० आ० 1456.—सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा निम्न सारणी के कालम (1) में उल्लिखित उन अधिकारियों को नियुक्त करती है जो सरकार के राजपत्रित अधिकारियों के स्तर के समकक्ष अधिकारी होंगे और उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये सम्पदा अधिकारी (एस्टेट आफीसर) होंगे। ये अधिकारी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेंगे तथा उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अधीन उक्त सारणी के कालम (2) में उल्लिखित सरकारी स्थानों के संबंध में सम्पदा अधिकारियों (एस्टेट आफीसर) को सौंपे गए कर्त्तव्यों को पूरा करेंगे।

सारणी

अधिकारी का पद	सरकारी स्थानों की श्रेणियां और अधिकार क्षेत्र की स्थानीय सीमाये
(1)	(2)
महाप्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक बम्बई।	बम्बई में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये, अथवा अधिगृहीत स्थान।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, अहमदाबाद।	अहमदाबाद मे भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के, अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान।

(1)	(2)
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, बंगलौर ।	बंगलौर में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भोपाल ।	भोपाल में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के, अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भुवनेश्वर ।	भुवनेश्वर मे भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, चण्डीगढ़ ।	चण्डीगढ़ में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये, अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, कोचीन ।	कोचीन में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, गोहाटी ।	गोहाटी में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, हैदराबाद ।	हैदराबाद में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, जयपुर ।	जयपुर में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, जम्मू ।	जम्मू मे भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, कानपुर ।	कानपुर में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, पटना ।	पटना में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर मे पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, कलकत्ता ।	कलकत्ता में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
प्रबन्धक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, मद्रास ।	मद्रास में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-महाप्रबंधक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, नई दिल्ली ।	नई दिल्ली में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।

[सं० 7(9)-बी०ओ० 3/74]

New Delhi, 4th March, 1976

S.O. 1456.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby appoints the officers mentioned in column (1) of the Table below, being officers equivalent to the rank of a gazetted officer of Government, to be estate officers for the purposes of the said Act, who shall exercise the powers conferred and perform the duties imposed on the estate officers by or under the said Act in respect of the public premises specified in column (2) of the said Table.

The Table

Designation of the officers	Categories of public premises and local limits of jurisdiction
(1)	(2)
The General Manager, Industrial Development Bank of India, Bombay.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Bombay.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Ahmedabad.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development of Bank of India in Ahmedabad.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Bangalore.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Bangalore.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Bhopal.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India, in Bhopal.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Bhubaneswar.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Bhubaneswar.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Chandigarh.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Chandigarh.

(1)	(2)
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Cochin.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Cochin.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Gauhati.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Gauhati.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Hyderabad.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Hyderabad.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Jaipur.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Jaipur.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Jammu.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Jammu.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Kanpur.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Kanpur.
The Deputy Manager, Industrial Development Bank of India, Patna.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Patna.
The Manager, Industrial Development Bank of India, Calcutta.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Calcutta.
The Manager, Industrial Development Bank of India, Madras.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in Madras.
The Deputy General Manager, Industrial Development, Bank of India, New Delhi.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Industrial Development Bank of India in New Delhi.

[No. 7(9)-B.O. III/74]

का० आ० 1457.—सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा निम्न सारणी के कालम (1) में उल्लिखित उन अधिकारियों को नियुक्ति करती है जो सरकार के राजपत्रित अधिकारियों के स्तर के समकक्ष अधिकारी होंगे और उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये सम्पदा अधिकारी (एस्टेट आफिसर) होंगे । ये अधिकारी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेंगे तथा उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अधीन उक्त सारणी के कालम (2) में उल्लिखित सरकारी स्थानों के सम्बन्ध में सम्पदा अधिकारियों (एस्टेट आफिसर) को सौंपे गये कर्तव्यों को पूरा करेंगे ।

सारणी

अधिकारी का पद	सरकारी स्थानों की श्रेणियां और अधिकार क्षेत्र की स्थानीय सीमाएं
(1)	(2)
प्रशासनिक अधिकारी, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, बंबई ।	बंबई में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, अहमदाबाद ।	अहमदाबाद में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, बंगलौर ।	बंगलौर में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, कलकत्ता ।	कलकत्ता में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, चंडीगढ़ ।	चंडीगढ़ में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम हैदराबाद ।	हैदराबाद में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, लखनऊ ।	लखनऊ में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, मद्रास ।	मद्रास में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, भुवनेश्वर ।	भुवनेश्वर में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवंविकास निगम, गौहाटी ।	गौहाटी में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।

(1)	(2)
उप-निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, जयपुर ।	जयपुर में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, पटना ।	पटना में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।
उप-निदेशक, कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम, त्रिवेन्द्रम ।	त्रिवेन्द्रम में कृषि पुनर्वित्त एवं विकास निगम के अथवा उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से पट्टे पर लिये गये अथवा अधिगृहीत स्थान ।

[सं० 7(9)-बी० ओ०-III/74]

मे० भा० उसगांवकर, अवर सचिव,

S.O. 1457.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby appoints the officers mentioned in column (1) of the Table below, being officers equivalent to the rank of a gazetted officer of Government, to be estate officers for the purposes of the said Act, who shall exercise the powers conferred and perform the duties imposed on the state officers by or under the said Act in respect of the public premises specified in column (2) of the said Table.

TABLE

Designation of the officer	Categories of public premises and local limits of jurisdiction
1	2
The Administrative officer, Agricultural Refinance and Development Corporation, Bombay.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Bombay.
The Director, Agricultural Refinance and Development, Corporation, Ahmedabad.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Ahmedabad.
The Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Bangalore.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Bangalore.
The Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Bhopal.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Bhopal.
The Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Calcutta.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Calcutta.
The Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Chandigarh.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Chandigarh.
The Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Hyderabad.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Hyderabad.
The Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Lucknow.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Lucknow.
The Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Madras.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Madras.
The Deputy Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Bhubaneswar.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Bhubaneswar.
The Deputy Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Gauhati.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Gauhati.
The Deputy Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Jaipur.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Jaipur.
The Deputy Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Patna.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Patna.
The Deputy Director, Agricultural Refinance and Development Corporation, Trivandrum.	Premises belonging to or taken on lease or requisitioned by or on behalf of the Agricultural Refinance & Development Corporation in Trivandrum.

[No. 7(9)-BO-III/74]

M.B. USGAONKAR, Under Secretary

वाणिज्य मन्त्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 24 अप्रैल, 1976

का. आ. 1458.—भारत रक्षा नियम, 1971 के नियम 151 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, श्री पी. एल. टंडन के स्थान पर, जो छुट्टी पर चले गये हैं, श्री श्याम कृष्ण राय, अवर सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, गृह, लखनऊ को 23 सितम्बर 1975 से उत्तर प्रदेश के शत्रु सम्पत्ति के उप अभिरक्षक के पद पर एतद्द्वारा नियुक्त करती है ।

[फा. सं. 12(24)/73-ई. आई. ई. पी.]

MINISTRY OF COMMERCE

ORDER

New Delhi, the 24th April, 1976

S.O. 1458.—In exercise of the powers conferred by sub-rule (i) of rule 151 of the Defence of India Rules, 1971, the Central Government hereby appoints Shri Shyam Krishna Rai, Under Secretary, Government of Uttar Pradesh, Home, Lucknow, as Deputy Custodian of Enemy Property for Uttar Pradesh with effect from 23rd September, 1975 vice Shri P. L. Tandon proceeded on leave.

[F. No. 12(24)/73-EI & EP]

वाणिज्य मंत्रालय

आदेश

का० आ० 1459.—भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की सुखाई हुई मछली संबंधी अधिसूचना सं० का० आ० 2137, तारीख 5 जून, 1970 में संशोधन करने के लिए कतिपय प्रस्ताव निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम 2 द्वारा यथा-अपेक्षित भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश सं० का० आ० 2365, ता० 26 जुलाई, 1975 के अन्तर्गत भारत के राजपत्र, भाग-II, खंड-3 उप-खंड (ii), ता० 26 जुलाई, 1975 में प्रकाशित किए गए थे;

और 26 अगस्त, 1975 तक उन सभी व्यक्तियों से आक्षेप तथा सुझाव मांगे गये थे जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को 6 अगस्त, 1975 को उपलब्ध करा दी गई थी,

और उक्त प्रारूप पर जनता से कोई भी आक्षेप या सुझाव प्राप्त नहीं हुए है।

अब, अत. निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, निर्यात निरीक्षण परिषद् से परामर्श करने के पश्चात् अपनी यह राय होने पर कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है, भारत सरकार के भूत-पूर्व विदेश व्यापार मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 2137, तारीख 5 जून, 1970 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना मे,—

(1) उपाबन्ध-I में, 'सुखाई मछली की किस्में' शीर्षक के अन्तर्गत क्रम सं० 38 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियो के पश्चात् निम्न-लिखित क्रम स० तथा प्रविष्टियां जोड़ी जायेंगी, अर्थात् :—

'39. एंगुलुवा छोटी (दुबार) (एरियस)' ;

(2) उपा-बन्ध-II में 'सूखी मछली के विनिर्देश' शीर्षक के अन्तर्गत क्रम सं० 38 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्न-लिखित क्रम सं० तथा प्रविष्टियां जोड़ी जायेंगी, अर्थात् :—

क्रम सं०	प्रकार	वैज्ञानिक नाम (जाति)	संक्षेप में संसाधन की पद्धति
1	2	3	4
"39.	एंगुलुवा छोटी (दुबार)	एरियस	लम्बाई में काटी गई, आंतें निकाली तथा मछली फाड़ कर खोली गई या कीलम से खारियन-सिर सहित या सिर रहित सुखाई हुई।

क्वालिटी के मानक

आकार	रूप	गंध	सुखापन	बाह्य पदार्थ	अन्य टिप्पणी
5	6	7	8	9	10
15 से० मी० से अधिक हल्का	सपेद से भूरा	संसाधित मछली की साजा गंध	35% से अनधिक नमी	शून्य	शून्य"

[सं० 6(11)/74-नि० नि० तथा नि० उ०]

के० वी० बालसुब्रह्मणियम, उप-निदेशक

ORDER

S.O 1459.—Whereas for the Development of the export trade of India, certain proposals for amending the notification of the Government of India in the late Ministry of Foreign Trade, No. S.O. 2137, dated 5th June, 1970, regarding dried fish, were published, as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964, in the Gazette of India, Part II, Section 3, Sub-section (ii), dated the 26th July, 1975 under the Order of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 2365, dated the 26th July, 1975.

And whereas objection and suggestions were invited till the 26th August, 1975, from all persons likely to be affected thereby :

And whereas the copies of the said Gazette were made available to the public on the 6th August, 1975.

And whereas no objections or suggestions have been received from the public on the said draft.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government, after consulting the Export Inspection Council, being of the opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India, hereby makes the following amendments in the notification of the Government of India in the late Ministry of Foreign Trade No. S.O. 2137, dated the 5th June, 1970, namely:

In the said Notification—

(1) In Annexure-I, under the heading "Varieties of dried fish" after serial No. 38 and the entries relating thereto, the following serial No. and entries shall be added, namely :

"39. Anguluwa Small (Dubar) (Arius);

(2) In Annexure-II, under the heading "Specifications for dried fish", after Serial No. 38 and the entries relating thereto, the following Serial No. and entries shall be added, namely :—

Sl. No.	Variety	Scientific name (Species)	Method of cure in brief
1	2	3	4
"39	Anguluwa Small-(Dubar)	Arius	Cut open longitudinally entrails removed and fish split open, or keelams-salted-dried with or without head.

STANDARDS OF QUALITY

Size	Appearance	Smell	Dryage	Foreign matters	Other Remarks
5	6	7	8	9	10
Above 15 cms	Whitish to dull brown	Fresh flavour of a cured fish.	Moisture not exceeding 35%	Nil.	Nil."

[No. 6(11)74-EI&FP]

K. V. BALASUBRAMANIAM, Deputy Director.

नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 1976

का० आ० 1460.—यतः केन्द्रीय सिल्क बोर्ड निगम, 1955 के नियम 4 तथा नियम 5 के उप-नियम (2) के साथ पठित, केन्द्रीय सिल्क बोर्ड अधिनियम 1948 (1948 का 61) की धारा 4 की उपधारा (3) के खंड (ग) के अनुसरण में लोक सभा ने श्री मुहम्मद खुदा बख्श की मृत्यु से रिक्त हुए स्थान पर श्री शंकर नारायण सिंह देव, संसद् सदस्य को केन्द्रीय सिल्क बोर्ड में एक सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए निर्वाचित किया है।

अतः अब उपर्युक्त धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारत सरकार के औद्योगिक विकास मंत्रालय की अधिसूचना का० आ० सं० 2509 दिनांक 18 जुलाई, 1974 में एतद्द्वारा निम्नोक्त संशोधन करती है, अर्थात् :—

उपर्युक्त अधिसूचना में क्रमांक 3 के स्थान पर निम्नोक्त क्रमांक रखा जायेगा :

"3. श्री शंकर नारायण सिंह देव ।"

[फा० सं० 6/24/75-टैक्स(5)]

New Delhi, the 5th April, 1976

S.O. 1460.—Whereas in pursuance of clause (c) of sub-section (3) of section 4 of the Central Silk Board Act, 1948 (61 of 1948), read with rule 4, and sub-rule (2) of rule 5, of the Central Silk Board Rules, 1955, the Lok Sabha has elected Shri Shankar Narayan Singh Deo, M.P., to serve as a member of the Central Silk Board in the vacancy caused by the death of shri Muhammed Khuda Bukhsh;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the said section 4, the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Industrial Development No. S.O. 2509 dated the 18th July, 1974, namely :—

In the said notification, for serial number 3, the following serial number shall be substituted, namely :—

"3. Shri Shankar Narayan Singh Deo."

[F. No. 6/24/75-Tex(V)

(वस्त्र विभाग)

नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 1976

का० आ० 1461.—केन्द्रीय रेशम बोर्ड अधिनियम 1948 (1948 का 61) की धारा 4(3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि भारत सरकार के भूतपूर्व औद्योगिक विकास मंत्रालय की अधिसूचना का० आ० सं० 482(ई) दिनांक 12 सितम्बर, 1973 के अधीन नियुक्त अथवा मनोनीत किए गए, केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य आगामी आदेश होने तक केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य बने रहेंगे ।

[फा० सं० 6/41/75-टैक्स (5)]

(Department of Textiles)

New Delhi, the 6th April, 1976

S.O. 1461.—In exercise of the powers conferred under section 4 (3) of the Central Silk Board Act, 1948 (61 of 1948), the Central Government hereby directs that the members of the Central Silk Board appointed or nominated under the notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Industrial Development S. O. No. 482(E) dated the 12th September, 1973 shall continue to serve on the Central Silk Board until further orders.

[F. No. 6/41/75-Tex(V)]

का० आ० 1462.—केन्द्रीय रेशम बोर्ड अधिनियम, 1948 (1948 का 61) की धारा 4 की उप-धारा (3) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार श्री एस० मुनिराजू को आगामी आदेश होने तक केन्द्रीय रेशम बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में एतद्द्वारा नियुक्त करती है।

[फा० सं० 6/41/75-टैक्स(5)]

एस० वेणुगोपालन, निदेशक

S.O. 1462.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (3) of section 4 of the Central Silk Board Act, 1948 (61 of 1948), the Central Government hereby appoints Shri S. Muniraju as Chairman of the Central Silk Board until further orders.

[F. No. 6/41/75-Tex(V)]

S. VENUGOPALAN, Director.

(उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय, कानपुर)

आदेश

कानपुर, 21 जून, 1975

का०आ० 1463.—सर्वश्री एग्रीकल्चर इण्डस्ट्रीज, गांधी चौक, कानपुर को गैर-निषेध गैर प्रतिबंधित किस्मों के बॉल बियरिंग्स के आयात के लिए निम्नलिखित लाइसेंस जारी किए गए थे :

(1) पी/एस/1764089 दिनांक 2-11-73 मूल्य 36000 रुपये

(2) पी/एस/1764090 दिनांक 2-11-73 मूल्य 18000 रुपये

(3) पी/एस/1764091 दिनांक 2-11-73 मूल्य 18000 रुपये

2. उसके पश्चात् एक कारण निर्देशन नोटिस सं० डी सी आई एंड ई/ए-47/ग एन-75/एन्फ/एन बी एन आर/ए यू/कान/9834 दिनांक 24-1-75 उनको यह पूछते हुए जारी किया गया था कि नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर कारण बताएं कि उनको जारी किए गए उक्त लाइसेंस इस आधार पर रद्द क्यों न कर देने चाहिए कि वे भूल से जारी किए गए थे। उन्हें उनके मामले की व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 13-2-75 का दिन भी दिया गया था ।

3. उपर्युक्त कारण निर्देशन नोटिस "ज्ञात नहीं" अभ्युक्तियों के साथ डाक प्राधिकारियों ने वापस लौटा दिया है।

उपर्युक्त कारण निर्देशन नोटिस का अब तक कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ है और उत्तर के लिए निर्धारित समय व्यतीत हो चुका है। व्यक्तिगत सुनवाई के लिए निश्चित तिथि को भी कोई उपस्थित नही हुआ है।

4 अधोहस्ताक्षरी ने मामले पर भली-भांति विचार कर लिया है और इस निर्णय पर हम पहुचे हैं कि उक्त सर्वश्री एग्रीकल्चरल इडस्ट्रीज, गाधी चौक कानपुर ने कारण निर्देशन नोटिस का उत्तर इसलिए नही दिया है क्योंकि उनके पास कोई तर्क बचाव के लिए नही है और यह कि लाइसेंस भूल से जारी किए गए थे।

5 पिछली कडिकाओं में जो कुछ कहा गया है उस को ध्यान मे रखते हुए अधोहस्ताक्षरी सतुष्ट है कि विषयाधीन लाइसेंस रद्द कर दिए जाने चाहिएं या अन्यथा अप्रभावी कर दिए जाने चाहिएं। इसलिए, यथासंशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 दिनांक 7-12-55 की उपधारा 9 उपधारा (ए) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त लाइसेंस एतद् द्वारा रद्द किए जाते है।

[सं० डी सी सी आई एण्ड ई/ए-47/ए-एम-75/एन एफ/एन.बी.एन आर.ए.यू./कानपुर]

(Office of the Dy. Chief Controller of Imports & Exports)

Kanpur, the 21st June, 1975

ORDER

S.O. 1463.—The following licences for the import of Ball Bearings non banned non restricted type were issued to M/s. Agriculture Industries, Gandhi Chowk, Kanpur.

(1) P/S/1764089 dated 2-11-1973 for Rs. 36000.

(2) P/S/1764090 dated 2-11-1973 for Rs. 18000.

(3) P/S 1764091 dated 2-11-1973 for Rs. 18000.

(2) Thereafter a show cause notice No. DCCI&E/A-47/AM-75/ENF/NBNR/AU/KAN/9834 dated 24-1-75 was issued to them asking to show cause within fifteen days of the date of receipt of notice as to why the said licences in their favour should not be cancelled on the ground that the same were issued inadvertently They were also given 13-2-1975 for personal hearing of their matter.

(3) The above said show cause notice has been returned undelivered by the postal authorities with their remarks "Not known".

(4) The undersigned has carefully considered the matter and has come to the conclusion that the said M/s. Agriculture Industries, Gandhi Chowk, Kanpur have avoided a reply to the show cause notice as they have no defence to urge and that the licences were issued inadvertently.

(5) Having regard to what has been said in the proceeding paragraphs the undersigned is satisfied that the licences in question should be cancelled or otherwise rendered ineffective. Therefore, the undersigned in exercise of the powers vested in him under clause 9 sub clause (a) of the Imports (Control) Order, 1955 dated 7-12-1955 as amended hereby cancels the above said licences.

[No. DCCI&E/A-47/AM-75/ENF/NBNR/AU/KAN]

आदेश

का० आ० 1464.—सर्वश्री गुडलक इंडस्ट्रीज, गाव तथा डाकघर रत्तु पुरवा, जुही, कानपुर को गैर-निषेध गैर प्रतिबंधित किस्मों के बॉल बियरिंग्स आदि के आयात के लिए निम्नलिखित लाइसेंस जारी किए गए थे :—

1. पी/एस/1763745 दिनांक 26-9-73 मूल्य 37500 रुपए

2 पी/एस/1763746 दिनांक 26-9-74 मूल्य 18750 रुपए

3 पी/एस/1763747 दिनांक 26-9-73 मूल्य 18750 रुपए

2 उसके पश्चात एक कारण निर्देशन नोटिस सं० डी सी सी आई एंड ई/जी 16/ए एम-75/एन्फ/एन बी एन आर/ए यू/कान/15612 दिनांक 6/10-2-75 उनको यह पूछते हुए जारी किया गया था कि नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर कारण बताएं कि उनको जारी किए गए उक्त लाइसेंस इस आधार पर रद्द क्यो न कर देने चाहिएं कि वे भूल से जारी किए गए थे। उन्हे उनके मामले की व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 21-2-75 का दिन भी दिया गया था।

3 उपर्युक्त कारण निर्देशन नोटिस "स्थान छोड़ दिया" अभ्युक्तियों के साथ डाक प्राधिकारियों ने वापस लौटा दिया है।

उपर्युक्त कारण निर्देशन नोटिस का अब तक कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ है और उत्तर के लिए निर्धारित समय व्यतीत हो चुका है। व्यक्तिगत सुनवाई के लिए निश्चित तिथि को भी कोई उपस्थित नही हुआ है।

4. अधोहस्ताक्षरी ने मामले पर भली भांति विचार कर लिया और इस निर्णय पर हम पहुचे हैं कि उक्त सर्वश्री गुडलक इण्डस्ट्रीज, गांव तथा डाकघर रत्तु पुरुवा, जुही कानपुर ने कारण निर्देशन नोटिस का उत्तर इसलिए नही दिया है क्योंकि उनके पास कोई तर्क बचाव के लिए नही है और यह कि लाइसेंस भूल से जारी किए गए थे।

5 पिछली कंडिकाओं में जो कुछ कहा गया है उसको ध्यान में रखते हुए अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि विषयाधीन लाइसेंस रद्द कर दिए जाने चाहिएं या अन्यथा अप्रभावी कर दिए जाने चाहिएं। इसलिए यथासंशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 दिनांक 7-12-55 की उपधारा 9 उपधारा (ए) द्वारा प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त लाइसेंस एतद् द्वारा रद्द किए जाते है।

[सं० डी सी सी.आई. एड ई/जी 16/ए एम-75/एन्फ/एन बी एन आर ए यू/कानपुर]

ORDER

S.O. 1464.—The following licences for the import of Ball Bearings etc non banned non restricted type were issued to M/s. Good Luck Industries, Village & P. O. Rattu Purwa, Juhi, Kanpur.

1 P/S 1763745 dated 26-9-1973 for Rs. 37500.

2 P/S/1763746 dated 26-9-1973 for Rs. 18750

3. P/S/1763747 dated 26-9-1973 for Rs. 18750.

(2) Thereafter Show Cause Notice No. DCCI&E/G-16/AM-75/Enf/NBNR/AU/KAN/15612 dated 6/10-2-1975 was issued to them asking to show cause within fifteen days of the date of receipt of notice as to why the said licences in their favour should not be cancelled on the ground that the same

were issued inadvertently. They were also given 21-2-1975 for personal hearing of their matter.

(3) The above said show cause notice has been returned undelivered by the Postal authorities with their remarks "LEFT".

(4) The undersigned has carefully considered the matter and has come to the conclusion that the said M/s. Good Luck Industries Village & P O. Rattu Purwa, Juhi, Kanpur, have avoided a reply to the show cause notice as they have no defence to urge and that the licences were issued inadvertently.

(5) Having regard to what has been said in the proceeding paragraphs the undersigned is satisfied that the licences in question should be cancelled or otherwise rendered ineffective. Therefore, the undersigned in exercise of the powers vested in him under clause 9 sub clause (a of the Imports (Control) order, 1955 dated 7-12-1955 as amended hereby cancels the above said licences.

[No. DCCI&F/G-16/AM-75/ENF/NBNR/AU/REP/KAN]

आदेश

कानपुर, 8 सितम्बर, 1975

का०आ० 1465.—सर्वश्री आदर्श इंजीनियरिंग वर्क्स, 38, तुलसीदास मार्ग, पाटानाला, लखनऊ को गैर निषेध गैर प्रतिबंधित किस्मों के बॉल बियरिंग्स आदि के आयात के लिए निम्नलिखित लाइसेंस जारी किए गए थे :—

1. पी/एस/1758406 दिनांक 25-7-72 मूल्य 5000 रुपए
2. पी/एस/1758407 दिनांक 25-7-72 मूल्य 5000 रुपये
3. पी/एस/1762287 दिनांक 27-4-73 मूल्य 5000 रुपये
4. पी/एस/1762288 दिनांक 27-4-73 मूल्य 5000 रुपये

2. उसके पश्चात् एक कारण निर्देशन नोटिस सं० डी सी सी आई एंड ई/ए०-11/ए एम-75/एन्फ/एन बी एन आर/ए यू/कान/5303 दिनांक 15-1-75 उनको यह पूछते हुए जारी किया गया था कि नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर कारण बताएं कि उनको जारी किए गए उक्त लाइसेंस इस आधार पर रद्द क्यों न कर देने चाहिए कि वे भूल से जारी किए गए थे। उन्हें उनके मामले की व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 30-1-75 का दिन भी दिखा गया था।

3. उपर्युक्त कारण निर्देशन नोटिस "मिल (दुकान) लम्बी अवधि से बंद हो गई—लौटाया जाता है" अभ्युक्तियों के साथ डाक प्राधिकारियों ने वापस लौटा दिया है।

उपर्युक्त कारण निर्देशन नोटिस का अब तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है और उत्तर के लिए निर्धारित समय व्यतीत हो चुका है। व्यक्तिगत सुनवाई के लिए निश्चित तिथि को भी कोई उपस्थित नहीं हुआ है।

4. अधोहस्ताक्षरी ने मामले पर भली भांति विचार कर लिया है और इस निर्णय पर हम पहुंचे हैं कि उक्त सर्वश्री आदर्श इंजीनियरिंग वर्क्स, पाटनाला, लखनऊ ने कारण निर्देशन नोटिस का उत्तर इसलिए नहीं दिया है क्योंकि उनके पास कोई तर्क बचाव के लिए नहीं है और यह कि लाइसेंस भूल से जारी किए गए थे।

5 पिछली कार्यवाहियों में जो कुछ कहा गया है उस को ध्यान में रखते हुए अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि विषयाधीन लाइसेंस रद्द कर दिए जाने चाहिए या अन्यथा अप्रभावी कर दिए जाने चाहिए। इसलिए, यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 दिनांक 7-12-55 की उपधारा 9 उपधारा (ए) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त लाइसेंस एतद्द्वारा रद्द किए जाते हैं।

[सं० डी.सी.सी.आई एण्ड ई./ए-11/ए एम-75/एन्फ/एन.बी.एन आर/ए यू. कानपुर]

ORDER

Kanpur, the 8th September, 1975

S.O. 1465.—Hhe following licences for the import of Ball Bearings etc. non banned non restricted type were issued to M/s. Adarsh Engg. Works. 38 Tulsidas Marg, patanala. Lucknow.

(1) P/S/1758406 dated 25-7-1972 for Rs. 5000.

(2) P/S/178407 dated 25-7-1972 for Rs. 5000.

(3) P/S/1762287 dated 27-4-1973 for Rs. 5000.

(4) P/S/1762288 dated 27-4-1973 for Rs. 5000.

(2) Thereafter a show cause notice No. DCCI&E/A-11 AM75/-ENF/NBNR/AU/KAN/5303 dated 15-1-75 was issued to them asking to show cause within fifteen days of the date of receipt of notice as to why the said licences in their favour should not be cancelled on the ground that the same were issued inadvertently. They were also given 30-1-75 for personal hearing of their matter.

(3) The above said show cause notice has been returned undelivered by the postal authorities with their remarks 'Mill (shop) closed since long period-Returned".

(4) The undersigned has carefully considered the matter and has come to the conclusion that the said M/s Adarsh Engg Works, Patanala, Lucknow, have avoided a reply to the show cause notice as they have no defence to urge and that the licences were issued inadvertenly

(5) Having regard to what has been said in the proceeding paragraphs the undersigned is satifled that the licences in question should be cancelled or otherwise rendered ineffective. Therefore, the undersigned in exercise of the power vested in him under clause 9 sub clause (a) of the Imports (Control) Order, 1955 dated 7-12-1955 as amended hereby cancels the above said Licences.

[No. DCCI&E/D 2/AM-75 ENF/NBNR/AU/KAN]

आदेश

का०आ० 1466.—सर्वश्री ए वन इण्डस्ट्रीज, जी०टी०रोड, बुढाना रोड, खतौली, मुजफ्फरनगर को गैर-निषेध गैर प्रतिबंधित किस्मों के बॉल बियरिंग्स आदि के आयात के लिए निम्नलिखित लाइसेंस जारी किए गए थे :—

1. पी/एम/1759557 दिनांक 1-11-72 मूल्य 9825 रुपये
2. पी/एस/1759558 दिनांक 1-11-72 मूल्य 9825 रुपये
3. पी/एम/1760143 दिनांक 28-12-72 मूल्य 9825 रुपये
4. पी/एस/1760144 दिनांक 28-12-72 मूल्य 9825 रुपये
5. पी/एम/1761781 दिनांक 29-3-73 मूल्य 19237 रुपये
6. पी/एम/1761782 दिनांक 29-3-73 मूल्य 19237 रुपये

2. उसके पश्चात् एक कारण निर्देशन नोटिस सं० डी सी सी आई एंड ई/ए-22/ए एम-75/एन्फ/एन बी एन आर/ए य/कान/7744/15605 दिनांक 20-1-75 और 6-2-75 उनको यह पूछते हुए जारी किया गया था कि नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर कारण बताएं कि उनको जारी किए गए उक्त लाइसेंस इस आधार पर रद्द क्यों न कर देने चाहिए कि वे भूल से जारी किए गए थे। उन्हें उनके

मामले की व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 4-2-75 का दिन भी दिया गया था ।

3. उपर्युक्त कारण निर्देशन नोटिस "ज्ञात नहीं" अभ्युक्तियों के साथ डाक प्राधिकारियों ने वापिस लौटा दिया है।

उपर्युक्त कारण निर्देशन नोटिस का अब तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है और उत्तर के लिए निर्धारित समय व्यतीत हो चुका है। व्यक्तिगत सुनवाई के लिए निश्चित तिथि को भी कोई उपस्थित नहीं हुआ है ।

